नईदुनिया



# सबके आशा की केंद्र और सनातन की जय बोलने वालों की सरकार है : डा. यादव



**भोपाल ( काप्र )।** हमें गर्व है कि हमारी सरकार 56 इंच वाले सीने की सरकार है, नरेंद्र मोदी जी की सरकार है। दुश्मन हमारे सैनिकों के सिर काट ले जाते थे और लाचार कांग्रेस की ऐसी सरकार पर धिक्कार है, जो टुकुर- टुकुर देखती रहती थी लेकिन जवानों के अपमान का बदला नहीं लेती थी।

अब पाकिस्तान की हिम्मत नहीं है कि वो अपने सैनिको की तरफ झांक कर देख ले, ये बदलते दौर का भारत है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को सतना में भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी श्री गणेश सिंह के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सतना में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे आराध्य भगवान श्रीराम और भगवान कृष्ण को हमने पूजा है। उन वीर सपूतों की सरकार है। सनातन संस्कृति की जय जय बोलने वालों की सरकार है। मंदाकिनी मैया के आशीर्वाद से चलने वाली सरकार है, तो गंगा मैया को नमस्कार करने वाली हमारी सरकार है, हमें हमारी सरकार पर गर्व है, प्रधानमंत्री मोदी पर गर्व है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर हमलावर होते हुए कहा कि 500 साल तक राम मंदिर के लिए संघर्ष चला, लोगों से प्राणों की आहुतियां दी। कांग्रेस के वकील कोर्ट खडे होकर सवाल करते थे कौन से राम, कहां पैदा हुए। सुप्रीम कोर्ट के फैसने के बाद भी कितनी बेशर्मी से अभी भी कह रहे हैं कि मंदिर बनाना इनका लक्ष्य नहीं था। उन्होंने कहा कि 142 करोड़ देशवासियों का क्या कोई स्वाभिमान नहीं, क्या हिन्दू, क्या मुसलमान सबने उस परंपरा का स्वागत किया। ये निर्णय इसलिए हुए क्योंकि आपने भाजपा की सरकार बनाई, आपके एक एक वोट से ये सरकार मजबूत बनी। ये डबल इंजन की सरकार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम जियो और जीने दो केवल कहके नहीं बल्कि करके भी दिखाते हैं। कोविड के समय लोगों की जान भी बचाते हैं, भारत वालों की भी बचाते हैं और 100 से ज्यादा देशों में दवाई भिजवाकर करके भी दिखाते है।

क्योंकि मोदी है मुमकिन है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सबके आशा की केंद्र की सरकार है, मोदी जी के निर्णयों को देखेंगे तो रामराज के समय जो होता था वो आज हो रहा है। किसी का मकान कच्चा है तो पक्का बनाने की गारंटी कौन लेता है क्योंकि मोदी है मुमकिन है। गरीब आदमी का कच्चा मकान पक्का हो जाए ये सपना था। किसानों और जवानों का सम्मान देने वाला अगर कोई प्रधानमंत्री है नरेंद्र मोदी हैं।

## क्राइम, कर्ज और करप्शन बढ़ा : पटवारी

भोपाल( काप्र )। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बुधवार को मुख्यमंत्री मोहन यादव पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि वे जब से आए हैं, उन्हें तीन सी से प्यार हो गया है। उनके राज में क्राइम, कर्ज और करप्शन बढ़ा है। सबसे ज्यादा क्राइम। जब से आए हैं 20 हजार करोड़ रुपए कर्ज ले लिया है।

जीतू पटवारी ने लोगों से संविधान बचाने का आह्वान किया। वे यहां कांग्रेस प्रत्याशी रामू टेकाम का नामांकन फार्म भरवाने आए थे। उन्होंने यहां सभा को संबोधित करते हुए यह बात की। पीसीसी चीफ ने बैतूल सांसद डीडी उईके और बैतूल विधायक से कई सवाल भी किए, जिसमें उनके द्वारा किए गए वादे शामिल थे। पीसीसी चीफ के साथ प्रदेश के संगठन प्रभारी जितेंद्र भंवर सिंह, राज्यसभा सांसद विवेक तंखा, पूर्व अध्यक्ष अरुण यादव भी सभा में शामिल हुए। पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव ने प्रदेश में आदिवासी प्रताड़ना और देश में सीबीआई, ईडी जैसी संस्थाओं के दुरुपयोग का मुद्दा उठाया। राज्यसभा सांसद विवेक तंखा ने कहा- हमारा संघर्ष अधूरा रहेगा, अगर जनता हमारी साथी बनकर आगे नहीं आएगी।



राजधानी में बुधवार को लोकसभा चुनाव को लेकर रविंद्र भवन में कर्मचारियों को ईवीएम मशीनों के बारे में जानकारी दी गई।

# श्री 1008 आदिनाथ भगवान जयंती से 1008 महावीर भगवान जन्मोत्सव तक 18 दिवसीय महाअर्चना

**भोपाल ( काप्र )।** सकल भोपाल जैन समाज द्वारा श्री 1008 आदिनाथ भगवान की जयंती से प्रारम्भ कर 1008 श्री महावीर भगवान के जन्मोत्सव महावीर जयंती तक 18 दिवसीय महाअर्चना की जा रही है जिसके अंतर्गत शहर के लगभग सभी जिन मंदिरों में अनेक आयोजन किये जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में श्री चन्द्रप्रभ दिगम्बर जैन मंदिर मंगलवारा कमेटी ट्रस्ट द्वारा विश्व में शाँति एवं भारत में सुख-समृद्धि एवं स्वास्थ्य के लिये जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर श्री आदिनाथ जी के जन्म उत्सव से प्रारंभ कर चौबीसवें तीर्थंकर, वर्तमान शासन नायक श्री महावीर स्वामी जी की जन्म जयन्ती तक भक्तामर दीप महा अर्चना महोत्सव मनाया जायगा। इस अवसर पर रिद्धि-सिद्धी मंत्रों से युक्त भक्तामर काव्य के उच्चारण उदघोष के साथ दीप प्रज्जवलन का 18 दिवसीय जन्म महामहोत्सव का आयोजन किया जायेगा। हेमलता जैन रचना ने बताया कि इसी क्रम में 1008 भगवान महावीर दिगम्बर जैन मंदिर साकेत नगर में भी घर-घर गूंजे जयकारा के तहत 18 दिनों तक रोजाना साकेत नगर जैन समाज के घरों में भक्तामर पाठ के साथ भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवारा मंदिर के अध्यक्ष आदित्य मन्या जैन ने कहा कि इस आयोजन में लगभग 2000 धर्मप्रेमी श्रद्धालु शृद्धा पूर्वक भाग लेकर पुण्यार्जन करेंगे।

# बुक्स एंड बुक्स,स्नेह स्टेशनरी पर पड़े छापे

भोपाल (काप्र)। प्रशासन और शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने राजधानी के एमपी नगर जोन-2 में संचालित बुक्स एंड बुक्स स्टेशनरी एवं जोन 1 में स्नेह बुक्स सेंटर पर छापा मार कर स्कूलों द्वारा खरीदी जा रही पुस्तकों को प्रिंट रेट बेचे जाने और साथ में ड्रेस और बस्तों आदि की बिक्री करने का मामला उजागर किया है।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) वृत्त-एम.पी.नगर, भोपाल, एन.के. अहिरवार, सहायक संचालक, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय भोपाल, डॉ. अभिषेक बैस, प्राचार्य, शा. उमावि नूतन सुभाष.टी.टी. नगर, भोपाल एवं श्रीमती वंदना शुक्ला प्राचार्य, शा.नवीन कन्या तुलसी नगर ने छापा मारकर पालकों एवं छात्रों से चर्चा की। बुक्स एण्ड बुक्स स्टेशनरी, एम.पी. नगर, भोपाल जोन-2 बुक स्टाल पर अशासकीय आनंद विहार स्कूल तुलसी नगर, केन्द्रीय विद्यालय एवं सेंट मेरी स्कूल की पुस्तकें पालकों को प्रिंट रेट पर दी जा रही थीं। श्रीमती रेखा पवार, 25वीं बटालियन द्वारा बताया गया कि आंनद विहार स्कूल के बाहर दुकानदार की पर्ची दी गई थी, कि पुस्तकें इस दुकान से खरीदें। सेंट मेरी स्कूल के छात्र विताशु के अभिभावकों ने बताया कि पुस्तकें बुक्स एण्ड बुक्स स्टेशनरी से खरीदना है. जिसका पंचनामा बनाया गया।

बुक्स एण्ड बुक्स स्टेशनरी, एम.पी. नगर, जोन-2 में किताबों के अलावा स्कूलों के नाम बेट कराई हुई ड्रेस मटेरियल मौके पर पायी गई। जिसमें पेंट, शर्ट, बेग आदि सामग्री थी। यह सामग्री मन्द्रीय विद्यालय, आंनद विहार तुलसी नगर, इन्टरनेशनल पबल्कि स्कूल, मिसरोद एवं जी.व्ही.एन.नोबल स्कूल, गोविन्दपुरा के नाम प्रिंट थे। इन्टरनेशनल पबल्कि स्कूल, मिसरोद की टीशर्ट 26 इंच 418 रुपए जी.वी.एन. ग्लोबल स्कूल, गोविन्दपुरा का ट्रेक सूट 34 इंच 1230 रुपए, आंनद विहार तुलसी नगर, का जैकेट 36 इंच 720 रुपए, केन्द्रीय विद्यालय, शर्ट 34 इंच 387रुपए में बेची जा रही थी। न्यू स्नेह बुक सेंटर, दुकान नं. 31-32, जोन क्रमांक-1 = इस दुकान पर मौके पर निरीक्षण किया गया, जिसमें 11 अशासकीय विद्यालयों की पुस्तकें इस दुकान से वितरित की हैं। इन अशासकीय विद्यालयों में आईडियल स्कूल, सेंट थॉमस स्कूल, आई. स्कूल, लीलावती स्कूल, बैंक आफीसर्स स्कूल, वर्ल्ड वे स्कूल, जी.व्ही.एन.स्कूल, एल.डी.एस. होली कॉस, कम्बाइंड स्कूल, सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय, की पुस्तकें पालकों को दी जा रही थी।

## नक्सली और सिकलीगर सिंडिकेट की जांच में जुटी पुलिस


**भोपाल( काप्र )।** मध्य प्रदेश में नक्सली और सिकलीगर सिंडिकेट की जांच में एमपी पुलिस जुट गई है। मल्टी सुरक्षा एजेंसी भी एनआईए की छापे के बाद सक्रिय हो गई है। एटीएस और एसटीएफ इंटेलिजेंस भी नक्सली सिकलीकर के कनेक्शन की जांच कर रही है। नक्सलियों को हथियार सप्लाई करने के मामले की भी पुलिस की पड़ताल जारी है।

दरअसल, एनआईए के छापे में सिकलीगरों के सिंडिकेट में नक्सलियों को हथियार सप्लाई करने का भी मामला आया था। बालाघाट में मारे गए नक्सलियों के पास से रॉकेट लॉन्चर के कारतूस बरामद हुए। रॉकेट लॉन्चर के कारतूस ह्द्ध की सिकलीगरों पर हुई कार्रवाई के दौरान भी जब्त हुए थे।

# समाज में उत्कृष्ठ कार्य करने वालों का होगा सम्मान

**भोपाल ( हिनप्र )।** झूलेलाल चालीहा साहिब समिति संत हिरदाराम नगर के अध्यक्ष पुरुषोत्तम हरचंदानी बताया कि दिनांक 05 अप्रैल, को रात आठ बजे झूलेलाल साहिब जी का अखा के साथ भगवान झूलेलालजी की आरती का आयोजन किया गया है।

इस अवसर पर एच वार्ड स्थित झूलेलाल मंदिर में उत्कृष्ठ कार्य करने वालों का सम्मान किया जाएगा, जिसमें संतनगर से बजरंग सेना समिति के अध्यक्ष







कमलेश देवानी, गोल्ड मेडलिस्ट बाक्सिंग कोच सोनम नायक और मोनिका कापसे का खजुराहो में हुए मेराथान रेस में प्रथम स्थान पर मेडल प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में आरती के पश्चात् प्रसादी वितरण का आयोजन किया जाएगा।


## नाम परिवर्तन की सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विवाह के पूर्व मेरा नाम (DEEPA NAGDEV D/O KHEMCHAND NAGDEV) था जो कि मेरी दसवीं की मार्कशीट में दर्ज है, किन्तु विवाह के पश्चात मेरा नाम परिवर्तित होकर (KOMAL TEKCHANDANI) हो गया है। अतः अब मुझे मेरे इसी नए नाम (KOMAL TEKCHANDANI W/O SURESH KUMAR TEKCHANDANI) से जाना व पहचाना जाए।

**पता-** 155 प्रेमनगर, मदन महल, जबलपुर, मध्यप्रदेश। 036


## पेज एक से जारी खबरों के शेष...

### आप जो जानते...

किसी को ठेस ना पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि चुनाव अभियान के दौरान आप सिर्फ पार्टी का प्रचार ही नहीं करते, बल्कि पार्टी की संस्कृति और संस्कारों को भी लोगों तक ले जाते हैं। मेरा आप सभी से आग्रह है कि भाजपा के विचारों के साथ-साथ अपनी विनम्रता से भी वोटरों को प्रभावित करने की कोशिश करें। पीएम मोदी ने कहा कि गर्मी बहुत है, मैं कार्यकर्ताओं से भी आग्रह करूंगा की अपने स्वास्थ्य की चिंता जरूर करना। जब ऐसी गर्मी में काम करते हैं, तो पानी जरूर पीना। जितना अपना स्वास्थ्य संभालेंगे, मेहनत करना उतना ही सुविधाजनक होगा। आप (भाजपा कार्यकर्ता) जहां भी जा रहे होंगे, जनता विकास की बात करती होगी। लोगों में जब सरकार के कामकाज को लेकर विश्वास हो जाता है, तो चुनाव नेता नहीं, जनता खुद आगे बढ़कर लड़ती है। इस बार जनता ने हर जगह यही संदेश दिया है- फिर एक बार मोदी सरकार।

### ये देश छेड़ता...

163 कमल का फूल खिलाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के लोग नहीं चाहते कि बुंदेलखंड में हरियाली आए, बुंदेलखंड की आय बढ़े। बुंदेलखंड के किसानों की गरीबों की मजदूरों की जिंदगी में प्रधानमंत्री श्री मोदी सुख का सूरज बनकर आए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में पूरा देश लोकसभा में भाजपा को ऐतिहासिक बहुमत से चुनाव जिताने जा रहा है। कांग्रेस नेता पहले बड़ी-बड़ी बातें कर रहे थे, अब उनके एक नेता पदयात्रा कर रहे हैं। पूरे बुंदेलखंड के अंदर जीवन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकास की बहार लाकर लोगों के जीवन को सुगम बनाया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नेतृत्व में देश में सनातन संस्कृति की जय-जयकार हो रही है। प्रधानमंत्री ने बुंदेलखंड के लिए केन-बेतवा लिंक परियोजना की सौगात दी है, जो इस क्षेत्र की जनता के लिए वरदान साबित होगी। प्रदेश अध्यक्ष एवं भाजपा प्रत्याशी वीडी शर्मा ने कहा कि 2019 में मुझे आशीर्वाद दिया था, जब मुझे 12 दिन मिले थे मीडिया सहित कई लोगों ने कहा था कि 12 दिनों में चुनाव कैसे जीतोगेड़ तब मैंने कहा था कि भारतीय जनता पार्टी में हमारे बूथ का कार्यकर्ता चुनाव लड़ता है और जीतता है, आप सभी ने विजय का इतिहास बनाया था। देश की जनता तीसरी बार फिर मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए लालायित है हम सब मिलकर हर बूथ को जीतेंगे, हर बूथ पर 370 प्लस वोट जीतकर इतिहास बनाना है।

### सपा और कांग्रेस....

210 रुपये प्रति क्विंटल थी। आज इसे 340 रुपये प्रति क्विंटल करने का काम मोदी ने किया है। भुगतान की जहां तक बात है, आज 2 लाख 50 हजार करोड़ रुपये का गन्ना भुगतान करने का काम भाजपा की सरकार ने किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि बसपा के शासन में 19 चीनी मिलें बंद हुई, अखिलेश के शासन में 10 चीनी मिलें बंद हुई। लेकिन भाजपा के शासन में 20 से अधिक चीनी मिलों को शुरू किया गया और 5 नई चीनी मिलें बनाने का काम भी हमारी सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी जी ने कश्मीर से आतंकवाद को समाप्त करने का काम किया है। सर्जिकल स्ट्राईक और एयर स्ट्राइक करके पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकवादियों का सफाया करने का काम मोदी जी ने किया है। अमित शाह ने कहा कि घमंडिया गठबंधन, जिसमें अखिलेश यादव की पार्टी और कांग्रेस पार्टी है, ये कभी नहीं चाहते थे कि अयोध्या में राम मंदिर बने। कांग्रेस ने 70 साल तक राम जन्मभूमि के मुद्दे को अटकाकर, लटकाकर और भटकाकर रखा। मोदी जी ने केस भी जीता, भूमि-पुजन भी किया और 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भी कर दी।

### विपक्षी दल के आधे....

हो। विकासोन्मुखी सरकार हो। मोदी के नेतृत्व में देश तेज गति से आगे बढ़ा। जेपी नड्डा ने कहा कि पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया जा रहा है। परिणाम स्वरूप आज देश में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठ गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज गांवों की तस्वीर बदल गई है। ऐसे 18,000 गांव थे, जहां पहले की सरकारों के दौरान बिजली नहीं थी। 2014 में देश का प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी जी ने मात्र 1,000 दिन में 18,000 गांवों को बिजली पहुंचाई। उन्होंने कहा कि आज भारत की आकांक्षा है- एक भ्रष्टाचार मुक्त सरकार हो। एक विकासयुक्त सरकार हो। मोदी के नेतृत्व में तेज गति से देश आगे बढ़े। अकल्पनीय विकास के माध्यम से भारत एक विकसित देश के रूप में खड़ा हो जाए। भाजपा नेता ने यह भी दावा किया कि मोदी के नेतृत्व में गांवों की स्थिति बदल गई है। 18,000 गांवों में बिजली नहीं थी, जहां 2014 में मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद बिजली पहुंच गई। भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र द्वारा किए गए विकास कार्यों पर प्रकाश डालते हुए, नड्डा ने कहा कि 3.5 लाख गांवों को पक्की सड़कों से जोड़ा गया है। 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं।

### सभी मुद्दों में...

हूं। हम 'न्याय' के एक नए युग में कदम रख रहे हैं, ऐसे में मैं अपनी सर्वाधिक क्षमताओं से आप में से प्रत्येक की सेवा करने के लिए अपने समर्पण की पुष्टि करना चाहता हूं। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए यहां पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी का स्वागत करने के लिए संयुक्त लोकतंत्रिक मोर्चा के नेताओं और कार्यकर्ताओं समेत हजारों लोग कलपेट्टा में एकत्र हुए। गांधी ने अपनी बहन प्रियंका गांधी वाद्रा के साथ कलपेट्टा से सिविल स्टेशन तक रोडशो किया।

# चैतीचांद पर छह को होगा कार्यक्रम विधायक होंगे अतिथि



**भोपाल ( हिनप्र )।** भगवान झूलेलालजी के अवतरण दिवस चैतीचांद पर निर्मल नर्सरी विकास समिति कार्यक्रम का आयोजन करेगी। कार्यक्रम 6 अप्रैल को संस्कार स्कूल में शाम 7.30 से होगा।

मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रामेश्वर शर्मा को आमंत्रित करने के लिए आयोजन समिति के सदस्यों ने युवा सदन पहुंचकर मुलाकात की। शर्मा ने अतिथि स्वीकार किया है। कार्यक्रम में वेदांत संत लालसाईंजी एवं मप्र आवास संघ के पूर्व अध्यक्ष सुशील वासवानी भी अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। बताया जा रहा है इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और स्नेह भोज होगा।

विधायक को आमंत्रित करने वालों में निर्मल नर्सरी के अध्यक्ष कमल प्रेमचंदानी, महासचिव मोहन लालवानी, सांस्कृतिक सचिव राकेश हरपलानी, रामलला उत्सव समिति के बसंत चेलानी, रमेश हिंगारानी, मोहन मनवानी और राजेश बेलानी शामिल थे।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल
### वैध कालोनी प्रकोष्ठ शाहपुरा

**क्र. क्यू/का.प्र./2024** **भोपाल दिनांक 01/04/24**

### सार्वजनिक विज्ञप्ति

**मध्यप्रदेश नगर पालिका (कालोनी विकास) नियम 2021 के नियम 13 (2) के अंतर्गत**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए इस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि श्री/अध्यक्ष/मेसर्स के. पव्हन बिल्डकॉम द्वारा पार्टनर श्री कमल बच्छानी आत्मज श्री जी.एन. बच्छानी एवं श्री हिमांशु यादव आत्मज श्री एम.के. यादव द्वारा ग्राम खजूरी कलां स्थित भूमि खसरा क्रमांक 208/ठ (208/3/3) कुल रकबा 0.186 हेक्टे. (1860.00 व.मी.) पर भोपाल नगर पालिका निगम क्षेत्र के अधीन भूखण्ड धारक होकर क्षेत्र में आवासीय कालोनी **(AWADH VALLEY)** निर्मित करने जा रहे हैं, के द्वारा कुल बंधक किए गए भूखण्डों का क्षेत्रफल 758.19 व.मी. नगर तथा ग्राम निवेश जिला भोपाल द्वारा जारी अनुमोदित मानचित्र क्रमांक बी.पी.एल.एल.पी.7801/एल.पी. 62/29(1) /नग्रानि/ जिका/2021 दिनांक 12.11.2021 में दर्शित भूखण्ड क्रमांक 01, क्षेत्रफल 63.12 व.मी. भूखण्ड क्रमांक 02, क्षेत्रफल 55. 63 व.मी. भूखण्ड क्रमांक 03, क्षेत्रफल 56.12 व.मी. भूखण्ड क्रमांक 05 क्षेत्रफल 50.57 व.मी. भूखण्ड क्रमांक 06 क्षेत्रफल 66.61 व.मी. भूखण्ड क्रमांक 07 क्षेत्रफल 69.29 व.मी. भूखण्ड क्रमांक 08 क्षेत्रफल 62.63 व.मी. भूखण्ड क्रमांक 09 क्षेत्रफल 64.97 व.मी. भूखण्ड क्रमांक 12 क्षेत्रफल 258.81 व.मी. इस प्रकार कुल 09 भूखण्ड जिनका कुल क्षेत्रफल 758.19 व.मी. नगर निगम भोपाल के पक्ष में बन्धक रखे गए हैं। ये भूखण्ड इस क्षेत्र की कालोनी का आंतरित विकास कार्य पूर्ण होने के पश्चात नियमानुसार बंधक मुक्त किए जावेंगे तथा इसी के पश्चात इन भूखण्ड का विक्रय किया जा सकेगा। अतः सर्वसाधारण इन भूखण्डों के संबंध में न तो अनुबंध करें न ही किसी भी प्रकार के विक्रय, बंधक तथा अन्तरण की कोई कार्यवाही करें अन्यथा वह निरस्त मानी जावेगी। अतः सूचित हो।

038 **नगर निवेशक एवं सक्षम प्राधिकारी, नगर पालिक निगम भोपाल**



## न्यायालय तहसीलदार वृत्त-3, हर्राखेड़ा तहसील बैरसिया जिला भोपाल (म.प्र.)

प्रकरण क्रमांक/1817/ अ-6/2024-25 बैरसिया **दिनांक-02/04/2024**

### उद्घोषणा

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सैय्यद मुमताज अली पुत्र सैय्यद मुस्ताक अली निवासी कृषक ग्राम हिनोती सड़क तहसील बैरसिया जिला भोपाल (म.प्र.) द्वारा आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109-110 मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम हिनोती सड़क तहसील बैरसिया स्थित भूमि खसरा नम्बर 868, 869, 870, 871 कुल किता 04 कुल रकवा 1.9900 हेक्टेयर भूमि जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक MP059722022A1852258 दिनांक 18/08/2022 जरिये के माध्यम से क्रय किये जाने के फलस्वरूप आवेदक द्वारा उक्त भूमि का अपने नाम पर नामांतरण किये जाने का निवेदन किया है। प्रकरण न्यायालय में गतिशील है। अतः अवेदित भूमि के नामान्तरण किये जाने में जिस किसी को भी कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति उदघोषणा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर या अपने विधिक सलाहकार के माध्यम से अपनी आपत्ति लिखित में न्यायालयीन समय में न्यायालय में पेश कर सकता है। म्याद उपरांत पेश आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह उदघोषणा आज दिनांक 02/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

037 सील **तहसीलदार वृत्त-3,हर्राखेड़ा, बैरसिया**



## कार्यालय सम्पदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. विकास मंडल प्रक्षेत्र-1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल

### आम सूचना

हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, शबरी नगर रासलाखेड़ी भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक ई-235 मण्डल द्वारा श्रीमती बिन्दु साहू (बिन्दु महाडीक) पत्नी श्री मंगेश साहू (मंगेश महाडीक) के नाम पर आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 21.01.1997 को पंजीकृत है। श्रीमती बिन्दु साहू (बिन्दु महाडीक) पत्नी श्री मंगेश साहू (मंगेश महाडीक) द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री अर्जुन साहू आत्मज श्री श्रीराम साहू को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 24.03.2024 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुए उक्त सम्पत्ति श्री अर्जुन साहू आत्मज श्री श्रीराम साहू के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त संपत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी/ संस्था/ वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

034 **सम्पदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. विकास मंडल प्रक्षेत्र-1, भोपाल**



## कार्यालय सम्पदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. विकास मंडल प्रक्षेत्र-1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल

### आम सूचना

हाऊसिंग बोर्ड कालोनी हर्षवर्धन नगर भोपाल में स्थित भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस./जे. -123 मण्डल द्वारा श्री जागेश्वर चौहान आत्मज श्री नाथूराम चौहान के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख का पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय से दिनांक 8.10.1996 को पंजीकृत है। श्री जागेश्वर चौहान का स्वर्गवास दिनांक 04.03.2016 को एवं उनकी पत्नी श्रीमती दीपा चौहान का स्वर्गवास दिनांक 13.01.2023 को हो गया है। आवेदक आवंटी के पुत्र श्री सहदेव चौहान आत्मज स्व. श्री जागेश्वर चौहान द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र एवं मण्डल का निर्धारित आवेदन पत्र व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति अपने नाम पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त संपत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी/ संस्था/ वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

035 **सम्पदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. विकास मंडल प्रक्षेत्र, भोपाल**



## कार्यालय नगर पालिक निगम सागर

क्र./नापा.शा./न.नि./2024 347 सागर दिनांक 2/4 /2024

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हे कि नगर पालिक निगम सागर सीमान्तर्गत निम्नलिखित भवन/प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन प्राप्त हुए हैं। अतः इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी लिखित आपत्ति सूचना प्रकाशन दिनांक के अंदर 30 दिवस में आयुक्त नगर पालिक निगम सागर के नाम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

| क्र. | प्र.क्र. | वार्ड का नाम भवन/प्लाट | किस आधार पर | नाम बेचवार/ वसीयतनाम दानादाता/वंशानुक्रम | जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1661/23-24 | तुलसी नगर | रजि.बैनामा शपथ पत्र, खसरा | शमी अख्तर पति मो. अकरम मुसलमान | इरफान व.कल्लू राईन एवं परवेज व. शाहिद अली |
| 2. | 1662/23-24 | सुभाष नगर | रजि.बैनामा शपथ पत्र, खसरा | गोविंद पिता धोकल अहिरवार | पूजा पति धर्मेन्द्र जाटव |
| 3. | 1663/23-24 | चकराघाट | रजि.बैनामा शपथ पत्र, खसरा | 1. प्रमोद,2शशि सोनी 3. सविता दरे | विनोद पिता तुलसीराम बड़ोनिया |
| 4. | 1664/23-24 | सूबेदार | बैनामा शपथ पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र | कंछेदीलाल पिता स्व. हल्के कोरी | रामवती बाई पति हेमराज एवं लीला बाई पति मन्नु कोरी दोनों पुत्री |
| 5. | 1665/23-24 | सुभाष नगर | रजि.बैनामा शपथ पत्र खसरा | लक्ष्मी/जयराम साहू | स्व.कंछेदीलाल कोरी रेखा, विमला,एवं कविता सभी पुत्री स्व. जयरामसाहू |
| 6. | 1666/23-24 | बाघराज | रजि.बैनामा शपथ पत्र, खसरा | प्रकाश पिता शिव शंकर चौबे | देवकुमार/स्व. भगवानदास चौबे |
| 7. | 1667/23-24 | मधुकर | रजि.बैनामा शपथ पत्र, खसरा | राकेश कुमार एवं हरीश पिता रामसहाय रावत | राजकुमार पिता रामसहाय रावत |
| 8. | 1668/23-24 | शास्त्री | रजि.बैनामा शपथ पत्र, खसरा | मालती पति राजकुमार जैन | सरिता पति वीरचंद जैन |
| 9. | 1669/23-24 | रविदास | रजि.बैनामा शपथ पत्र, खसरा | प्रकाशचंद पिता किलईलाल जैन | कविता पति अरविंद जैन |
| 10. | 1670/23-24 | बाघराज | रजि.बैनामा शपथ पत्र, खसरा | महेश पिता चैनसिंह पटेल | रूचि पति अभिषेक तिवारी |

नोटः जनसंपर्क विभाग नामांतरण सूचना का प्रकाशन एक प्रादेशिक एवं एक हिन्दी दैनिक समाचाचर पत्र एक प्रति उपलब्ध करायें

**कृते आयुक्त नगर पालिक निगम सागर**